जो चुप रहेगी जुबाने खंजर, लहु पुकारेगा आस्तीं का

। जबलपुर, शुक्रवार, 19 सितम्बर, 2008। वर्ष-1। अंक-पूर्वाभास अंक

महाकौशल

जबलपुर का पहला इंटरनेट अखबार



एक नजर

चादर से बाहर पैर

उदारवादी अर्थव्यवस्था अपने असली रूप में आ जाए तो कितनी अनुदार हो सकती है इसका ताजा उदाहरण इन दिनों देखने मिल रहा है। अमरीका ने इस वित्तीय वर्ष में बहुत ज्यादा आर्थिक मंदी देखी। मार्च में जब भयंकर वित्तीय संकट सामने आया तो अमरीका के पांचवे सबसे बड़े बैंक को एक दूसरे बैंक जेपी मार्गन चेज ने खरीद लिया। जिस दिन ये हुआ उस दिन अमरीका में बाजार गिरा और भारत में शेयर बाजार लुढ़का। आर्थिक मंदी की जड़ें कहां हैं ये जानने के लिए इस वर्ष जून में अमरीकी सरकार ने केन्द्रीय जांच एजेंसी एफबीआई को जांच का जिम्मा सौंपा। 4 सौ लोगों की गिरफ्तारी हुई और इनमें इन्वेस्टमेंट बैंक बेयर स्टर्न्स के दो मैनेजर भी शामिल थे। तब एफबीआई ने कहा था कि जिन स्कीमों और धोखाधड़ी से बाजार के प्रति लोगों का विश्वास कम हुआ है और जहां आपराधिक गतिविधियों का सबूत मिलेगा, हम लोगों को सजा दिलाकर रहेंगे। लेकिन बाजार के अपराधी बेधड़क अपना काम करते रहे। जुलाई में अमरीका का एक अन्य प्रमुख मार्गेज बैंक इंडीमैक भी डूब गया। बुश प्रशासन बार-बार दिलासे के बयान जारी करता रहा कि अमरीकी अर्थव्यवस्था को संभालने के तमाम उपाय किए जा रहे हैं, लेकिन जाहिर है स्थितियों पर उनका वश नहीं रहा। महंगाई इतनी बेकाबू हो गई कि बड़े-बड़े शापिंग मॉल और फास्ट फूड सेंटर खाली नजर आने लगे। कई कंपनियों में खर्चों में कटौती के लिए बड़े पैमाने पर छंटनी की गई। कई रेस्तरांओं ने अपनी श्रृंखलाएं बंद कर दीं। बेरोजगारी छह माह में सर्वोच्च आंकड़े पर पहुंच गई। महंगाई पर काबू पाने के लिए फेडरल रिजर्व इस वर्ष कई बार ब्याज दरें बढ़ा चुकी है, लेकिन किसी तरीके से संकट टाला नहीं जा सका और अब लेहमैन ब्रदर्स के दिवालिया होने व मैरिल लिंच के भारी घाटे में जाने से पूरी अर्थव्यवस्था के पैर कब्र में लटक गए हैं, एक गलती और सब कुछ दफन हो जाएगा। लेहमैन ब्रदर्स और मेरिल लिंच विश्व के दो बड़े वित्तीय संस्थान थे। इनकी नीतियां बनाने वालों में नामी-गिरामी अर्थशास्त्री रहे होंगे। बड़े शैक्षणिक संस्थानों से वित्तीय क्षेत्र में ऊंची डिग्री हासिल करने वालों ने त्वरित मुनाफे के पाठ तो पढ़ लिए लेकिन अर्थशास्त्र की सामान्य समझ शायद हासिल नहीं की। तभी सबप्राइम जैसी बला से दो-चार होना पड़ रहा है। सबप्राइम यानि उस व्यक्ति को गृहऋण देना जो उसके योग्य ही नहीं है। अर्थात बिना यह सुनिश्चित किए कि जिसे ऋण दिया जा रहा है वह निश्चित अवधि के भीतर ब्याज सहित राशि लौटाएगा, ऋण दे देना। लेहमैन ब्रदर्स ने रियल एस्टेट में आई तेजी को भुनाने के लिए क्षमता से ज्यादा निवेश किया, ऋण दिया और वापस नहीं मिलने की स्थिति में दिवालिया हो गया। अमरीका की प्रगति पर मुग्ध लोग शायद अब समझ रहे होंगे कि मिनटों में हर चीज हासिल होने की कीमत कितने देर तक चुकानी पड़ती है। ऋण का बाजार भारत में भी व्यापक पैमाने पर फैला है। निजी क्षेत्र के बैंक अधिक से अधिक ग्राहक बनाने के लिए समय-समय पर आकर्षक ऋण योजनाएं पेश करते हैं और आम आदमी अपनी जेब भूलकर घर, गाड़ी, ऊंची शिक्षा और विदेश की सैर के सपने देखता रहता है। अपना घर, अपनी गाड़ी स्टेटस सिंबल हो गया है। लेकिन सौ फीसदी सही एक सिद्धांत भुला दिया गया कि पैर उतने ही पसारने चाहिए, जितनी लंबी चादर होती है।

जबलपुर में 'गई बरसात' के तगड़े झले

दिखा रहे विकास कार्यों को आईना

मुख्य संवाददाता

जबलपुर। प्रकृति का चक्र बिगड़ रहा है। मौसम अपना रंग ढंग छोड़ रहे हैं। यही वजह है कि भरी बरसात के मौसम में फुहारें पड़कर शान्त हो जाती है, तो जाती बरसात में झमाझम झले बस्तियों में बाढ़ ले आते हैं। खेतों और खेती की सेहत बिगाड़ देते हैं। इस बार भी मौसम के तेवर कुछ ऐसे ही चल रहे हैं। लोगों को उम्मीद थी कि बादियां कच्ची हुईं तो भादों के डोंगरे (रह-रहकर पड़ते झले) जमीन को तर कर देंगे, खेतों को और पीने के पानी की किल्लत एक हद तक दूर होगी। लेकिन बिगड़े मौसम चक्र ने ऐसा नहीं होने दिया। भादों करीब-करीब सूखा जब 15 सितंबर के बाद बरसात चली जाने का मौसम आया तो कुछ-कुछ देर के लिये ही सही, लेकिन भरपूर तेजी और गरज-चमक के साथ आ रहे झले पर झलों ने शहर की निचली बस्तियों और भराव वाले इलाकों को फिर डुबोने का काम शुरू कर दिया । इस सबके बीच यह बारिश नये निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को आईना दिखा रही हैं। बन-बन कर मिट रहीं रानीताल से दमोहनाका और छोटी लाईन फाटक से मेडीकल तक की 'फोरलेन' सड़कों पर बेहिसाब जानलेवा गड्ढे उभर आये हैं और जगह-जगह एक से डेढ़ फुट तक पानी भर रहा है। अमनुपर,शिवनगर, लक्ष्मीपुर उखरी, दीक्षितपुरा मार्ग, बल्देवबाग, सिविल सेन्टर, पोलीपाथर, मदनमहल, दमोहनाका, स्टेट बैंक कॉलोनी, जानकी नगर आदि क्षेत्रों में निकासी के अभाव में फिर पानी भर गया है। मौसम विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से बना कम दबाव का क्षेत्र उड़ीसा और छग के रास्ते म.प्र. की सीमा में प्रवेश कर गया है जिससे समूचे महाकौशल क्षेत्र में खण्ड बरसात हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टों के दौरान संभाग के अनेक क्षेत्रों में गरज चमक के साथ वर्षा होने और अगले 48 घंटों के दौरान संभाग भारी वर्षा की चेतावनी दी है। आज बुधवार को सुबह से लेकर रात्रि तक 20.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है तथा अब तक इस मौसम की कुल 1193.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष आज के दिन तक 974 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

मध्य प्रदेश में भाजपा काटेगी पचास टिकट

भोपाल, महाकौशल संवाददाता। प्रदेश में अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने सभी ३९ वर्तमान विधायकों को टिकट देने का फैसला कर लिया है। उधर भाजपा ने तय किया है कि वर्तमान विधायकों में से कम से कम ५० के टिकट काटे जाएंगे। दोनों पार्टियों ने यह सूची दिल्ली को भेज दी है। असली दिक्कत भाजपा की यह है कि जिन विधायकों का टिकट काटा जाएगा वे उमा भारती की जनशक्ति पार्टी और बसपा में चले गए तो वोट प्रतिशत के हिसाब से चुनाव नतीजों में अच्छा खासा नुकसान होगा। भाजपा के कई नेताओं को तो बहुजन समाज पार्टी अनौपचारिक रूप से तोड़ ही चुकी है। भाजपा के कई विधायक और मंत्रियों पर गंभीर आरोप लग चुके हैं और उनके टिकट कटना तय माना जा रहा है। इसी तरह परिसीमन के बाद हुई परिवर्तित स्थितियों के कारण भी भाजपा को सबसे ज्यादा उम्मीदवार बदलने पड़ेंगे क्योंकि इनमें से ज्यादातर सीटें फिलहाल उसी के पास हैं।

केन्द्र आतंकवाद को शह दे रहा है: शिवराज

शिवपुरी, महाकौशल संवाददाता। केन्द्र सरकार पर देश में आतंकवादी गतिविधियों को शह देने का आरोप लगाते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेसनीत संप्रग सरकार के असहयोगात्मक रवैए के बावजूद राज्य में आतंकवाद विरोधी दस्ते का गठन किया गया है जो शीघ्र ही प्रशिक्षण के बाद काम करने लगेगा। चौहान ने आज यहां बातचीत में केन्द्र सरकार पर आतंकवादी गतिविधियों को शह देने के अलावा उस पर तुष्टिकरण को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने केन्द्र द्वारा राज्य के साथ सौतेले व्यवहार का अपना पुराना आरोप दोहराते हुए कहा कि उसने प्रदेश के डीज़ल कोटे में ३० फीसदी की कटौती कर दी है साथ ही खाद्यान्न कोटे में भी भेदभाव किया जा रहा है। प्रदेश को मात्र ११ हज़ार मीट्रिक टन गेहूं दिया जा रहा है जो कांग्रेस शासित प्रदेशों की तुलना में नहीं के बराबर है। उन्होंने संचार राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोलते हुए कहा कि वह भाजपा से क्षमा यात्रा निकालने की बात कहते हैं जबकि क्षमा यात्रा तो सिंधिया और केन्द्र सरकार को निकालनी चाहिए क्योंकि केन्द्र ने प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार किया है, पोटा कानून खत्म कर आतंकियों को शह दी है साथ ही संसद पर आतंकी हमले के दोषी अफ़ज़ल गुरु को अब तक फांसी नहीं दी है।

अब लौहमानव करेंगे धमाकों से मुकाबला

नई दिल्ली। देश में बढ़ते आतंकी हमलों के बीच डीआरडीओ ने गृह मंत्रालय को विशेष किस्म के रोबोट या लौहमानव की पेशकश की है जो बमों को निष्क्रिय करने की जिम्मेदारी निभाएंगे। डीआरडीओ के एक शीर्ष वैज्ञानिक ने आज को बताया कि हम अपने तीन उपकरण- दूर से नियंत्रित किए जाने वाले बम निवारण यान आरओवी सुजाव इलेक्ट्रानिक सपोर्ट मेजर और सफारी इलेक्ट्रानिक काउंटर मेजर- को विस्फोटक संबंधी मामलों से निबटने वाली एजेंसियों को बेचने के लिए गृहमंत्रालय से चर्चा कर रहे हैं। डीआरडीओ के पुणे स्थित रिसर्च एंड डेवलॅपमेंट इस्टैब्लिशमेंट (इंजीनियर्स) में विकसित आरओवी का उपयोग बमों को निष्क्रिय करने में किया जा सकता है। इसमें कोई कर्मी विस्फोटक के संपर्क में नहीं आता है। सेना तीन साल पहले से उग्रवादी प्रभावित जम्मू-कश्मीर राजस्थान और पूर्वोत्तर राज्यों में इन उपकरणों का प्रयोग कर रही है। तभी से यह कर्मियों और बम निष्क्रिय होते देखने वाले आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। डीआरडीओ वैज्ञानिकों का कहना है कि सुरक्षा और अर्धसैनिक बल आरओवी रोबोट का उपयोग बांदी सुरंगों का पता लगाने और परमाणु-जैविक-रासायनिक (एनबीसी) खतरों का सर्वेक्षण करने में कर सकते हैं। यह सुरक्षित है क्योंकि इस क्रम में कर्मी बांदी सुरंग या एनबीसी हथियारों के संपर्क में नहीं आते।

गंगा को बचाने में जुटीं सभी बिरादरी

■ वाराणसी में गंगा की सफाई के लिए मुहिम छेड़ते गंगा रक्षा मंच के कार्यकर्ता

देवी लक्ष्मी हॉस्पिटल
डॉ. मोनिका अग्रवाल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• स्त्री एवं प्रसूति रोग
• बांझपन का विशेष इलाज
• बिना टांके एवं चीरे बच्चेदानी का ऑपरेशन
• नार्मल डिलीवरी
टैगोर नगर, रिंग रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन - 2421964, 2423464
मो. 94252- 08464

अजीत जोगी की मुहिम को झटका

रायपुर, (महाकौशल प्रतिनिधि)। विधानसभा चुनाव में अपने समर्थकों को अधिक संख्या में टिकट दिलाने की मुहिम में जुटे दिग्गज नेता अजीत जोगी को झटका लगा है। उनके द्वारा 60 सीटों के लिए सौंपी गई सूची को हाईकमान ने स्वीकृति देने से इनकार कर दिया है। सूत्रों की माने तो उन्हें अब 40 सीटों पर ही संतोष करना पड़ेगा।

शेष 50 सीटों पर पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा, विद्याचरण शुक्ल, चरणदास महंत व अन्य नेताओं के समर्थकों को टिकट मिलेगी। चुनाव समिति द्वारा 74 सीटों पर बनाए गए पैनल में भी उलटफेर की संभावना है।

पैनल में तीन नामों की सूची बनाई गई है। जिन स्थानों पर प्रत्याशी को लेकर सर्वानुमति है वहां कोई दिक्कत नहीं है, जिन क्षेत्रों के लिए पैनल में दो तीन नाम हैं, वहां अपने समर्थक को टिकट दिलाने दिग्गजों के बीच घमासान चल रहा है। बताया जाता है कि पैनल में नाम पहले स्थान पर होने के बावजूद दूसरे व तीसरे नंबर पर शामिल प्रत्याशी को पार्टी टिकट दे सकती है। सूची में नंबर वन नाम होने पर उसे ही टिकट मिलेगा यह निश्चित नहीं है।

60 नहीं 40 समर्थकों को ही मिलेगी टिकट

पितृपक्ष के बाद जारी होगी दूसरी सूची

महासमुंद व राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा के उम्मीदवारों को सांसद की अनुमति के बाद ही प्रत्याशी तय किए जाने की मांग एक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जोगी समर्थकों को 40 सीट दिए जाने के बाद ही यह कदम उठाया गया है।

हालांकि प्रदेश के प्रभारी महासचिव ने पार्टी अध्यक्ष से चर्चा के बाद ही इस संबंध में फैसला लेने कहा है, अपने समर्थकों को अधिक टिकट दिलाने जोगी ने यह कदम उठाया है। जोगी विरोधी खेमा इस प्रयास में लगा है, कि उनके समर्थकों को भी पर्याप्त टिकट मिले। पार्टी में ही अन्य नेताओं के लिए चुनौती बनकर उभरे अजीत जोगी की ताकत का लोहा उनके दुश्मन भी मानते हैं।

संभवत: यही कारण है कि टिकट वितरण के समय तमाम विरोधी एक साथ हो गए। प्रत्याशियों की पहली सूची पितृ-पक्ष समाप्त होने के बाद ही जारी होने की संभावना है। 19 को होने वाली बैठक में शेष 16 सीटों के लिए पैनल बनाया जाएगा। महासमुंद व राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत आने वाली इन सीटों के लिए भी दिग्गजों के बीच घमासान होने की संभावना है। महासमुंद क्षेत्र से पूर्व में विद्याचरण शुक्ल सांसद के रूप में कई बार निर्वाचित हुए हैं। ऐसी स्थिति में वे अपने समर्थकों को टिकट दिलाने का प्रयास करेंगे। इसी बीच अजीत जोगी द्वारा मरवाही से विधानसभा का चुनाव लड़ने की इच्छा जताई गई है।

एक नजर

इरिगेशन एस.डी.ओ. सड़क हादसे में मृत

लखनादौन। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक ७ जबलपुर रोड में दोपहर तकरीबन २ बजे हुये सड़क हादसे में जलसंसाधन विभाग केवलारी के एस.डी.ओ. अंजनी पाण्डे की घटना स्थल में ही मृत्यु हो गई । लखनादौन से जबलपुर जा रही पवन ट्रेवल्स की बस क्रमांक एम.पी.५० पी ०१०८ की ज़ोरदार टक्कर जबलपुर से आ रही टाटा सफारी क्रमांक एम.पी.२०सी ए ५१६३ से हो गई । यह भयाभय दुर्घटना जबलपुर लखनादौन मार्ग एन.एच.७ में पाण्डे स्टोन क्रेशर के सामने घटित हुई ।

डकैती के 6 आरोपी भेजे गए जेल

सतना। सितम्बर माह के पहले दिन रत्नागिरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस में डकैती डालने का प्रयास करने वाले छह लोगों को आज न्यायालय ने केन्द्रीय जेल सतना भेज दिया है। बीते मंगलवार को राजकीय रेलवे पुलिस ने सभी को मानिकपुर जीआरपी से एक दिवस के लिए रिमाण्ड पर लिया था और आज न्यायालय में पेश किया। इस संबंध में राजकीय रेलवे पुलिस चौकी सतना से मिली जानकारी के मुताबिक 1 सितम्बर की रात करीब पौने 12 बजे जैतवारा के पास रत्नागिरी सुपर फास्ट एक्सप्रेस में सतना से चढे छह बदमाशों ने चलती ट्रेन में डकैती डालने का प्रयास किया था।

फर्जी अंकसूची से नौकरी

ग्वालियर। ग्राम पंचायत सुसेरा में पंचायत सचिव के पद पर फर्जी अंकसूची के आधार पर सेवायें प्राप्त करने बाले संवाई लाल सिंह राजपूत के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने तथा मानदेय राशि ब्याज सहित वसूली करने के निर्देश कलेक्टर आकाश त्रिपाटी ने जनपद पंचायत बरई के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सवाई लाल सिंह राजपूत ने ग्राम पंचायत सुसेरा में पंचायत सचिव के पद पर सेवाएं प्राप्त करने के लिए माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की हाई स्कूल वर्ष की प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की अंक सूची प्रेषित कर पंचायत सचिव की नौकरी प्राप्त की थी। प्रस्तुत अंक सूची के फर्जी होने की शिकायत पर अंक सूची का सत्यापन करने पर शिकायत सही पाई गई।

पीड़ितों को एक दिन का वेतन देंगे कर्मचारी

मुरैना। बिहार प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए मुरैना जिले के अधिकारियों और कर्मचारी एक दिवस का वेतन देंगे। यह निर्णय कलेक्टर श्री रामकिंकर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित टीएल की बैठक में लिया गया। कलेक्टर ने कहा कि बिहार प्रदेश में कोसी नदी में आई बाढ़ से हुई जन-धन हानि के कारण पीड़ित व्यक्तियों को सहायता पहुंचाने के लिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी सितम्बर पेड़ इन अक्टूबर में मिलने वाले वेतन में से एक दिवस के वेतन के रूप में एकत्रित की जाए। उन्होंने समस्त जिला प्रमुखों से अपेक्षा की है कि वे अपने और अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों से एक दिवस का वेतन जमा कराकर एकत्रित राशि का बिहार रिलीफ फंड के नाम से बैंक ड्राफ्ट तैयार कराकर नाजिर शाखा कलेक्ट्रेट मुरैना में उपलब्ध कराएं।

पाक हॉकी टीम को भारत का वीजा नहीं

फरीदकोट, 18 सितम्बर (एजेंसी)। चौंकाने वाला कदम उठाते हुए इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग ने पाकिस्तानी हॉकी टीम को भारत का वीजा देने से मना कर दिया है। सूत्रों के अनुसार वीजा न देने का निर्णय दिल्ली बम धमाकों को देखते हुए लिया गया है। पाक टीम अब शुक्रवार से शुरू हो रहे बाबा फरीदकोट गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएगी। बाबा फरीद हॉकी क्लब के उपाध्यक्ष परमपाल सिंह बताया कि पाक टीम के प्रबंधक ने वीजा न मिलने की सूचना दी है। अब उनकी टीम टूर्नामेंट में का हिस्सा नहीं बन पाएगी। पाक टीम की ओर से अभी तक सब कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है। लेकिन, सूत्रों का दावा है कि पाक टीम को वीजा न मिलने का बड़ा कारण दिल्ली बम धमाकों को माना जा रहा है। मालूम हो कि 17वां अखिल भारतीय बाबा फरीद गोल्ड कप हॉकी टूर्नामेंट 19 सितंबर से पंजाब के फरीदकोट शहर में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजक बाबा फरीद हॉकी क्लब के प्रमुख तेजिन्द्र सिंह ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला 23 सितंबर को खेला जाएगा।

■ टीम को बाबा फरीद हॉकी टूर्नामेंट में हिस्सा लेना था

भाजश के 47 प्रत्याशी घोषित



भोपाल। भारतीय जनशक्ति की मध्यप्रदेश चुनाव समिति ने एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री उमा भारती के अनुमोदन के उपरांत 47 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों एवं संयोजकों की सूची जारी की है।

प्रत्याशी: आरडी प्रजापति, चंदना, श्रीमती रेखा यादव, बड़ा मलेहरा, अरविंद श्रीवास्तव, टीकमगढ़, सुधीर अग्रवाल, पन्ना, अशोक दीवान, बीना, आनंद अग्रवाल, उज्जैन, दक्षिण, श्यामसुंदर पांड्या, बड़नगर, माधव शास्त्री तराना, ईश्वर पहलवान, नीमच, माधव मारू, मनासा, ओमप्रकाश पाटीदार, जावद, सरदार सिंह, गरोठ, प्रफुल्ल यजुर्वेदी, मंदसौर, विक्रम यादव, सोनकच्छ, दीनदयाल पाटीदार, जावरा, राजेन्द्र पटेल, धार, अजमेर सिंह भूरिया, पेटलावद, दिलीप मेड़ा, कटारा, झाबुआ, छत्रपाल सिंह रामपुर बघेलान, पारितोष मिश्रा, नागौर, रामरूप पटेल, चित्रकूट, मनसुख पटेल, सतना, लक्षण तिवारी, मउगंज, रामकुमार पटेल, देवतालाब, खूबचंद मांझी, चितरंगी, डीके अवधिया, सीधी, रामप्रसाद सिंह परस्ते, जयसिंह नगर, केशव सिंह धुर्वे, पुष्पराजगढ़, राकेश गौतम, सिरमौर, शैलेन्द्र प्रधान, भोपाल, द.प., नरेश जाधव, भोपाल उत्तर, हरीसिंह सिकरवार, गंजबासौदा, अजबसिंह रघुवंशी, शमशाबाद, अशोक त्यागी, सिरोंज, पुष्पराज सिंह, सोहागपुर, सत्यनारायण लोधी, सिवनीमालवा, अशोक गुर्जर, हरदा, श्रीमती ज्ञानबाई, कुरवाई, रामनारायण लोधा, चांचौड़ा, शिवचरण उपाध्याय, दिमनी, गंगाराम बघेले, ग्वालियर, ग्रामीण, अवधेश नायक, दतिया, अवधसिंह लोधी, चौरई, रामाराव महाले, सौंसर, राणा रघुराज सिंह, मंधाता।

संयोजक: रतन फुलवानी, छतरपुर, श्रीमती सरोज राजपूत, खरगापुर, राम कुशवाह, पृथ्वीपुर, बाला पटेल, राजनगर, ब्रजेश चौरसिया, मैहर, शंकर सोनी संयोजक, चुरहट, रामगोपाल, राजपूत, भोजपुर, नरेन्द्र पटेल, बरेली, सुखदयाल अहिरवार, सांची, प्रीतम लोधी, पिछोर, नरेन्द्र बिरथरे, शिवपुरी, श्रीमती शकुंतला खटीक, करैरा, केदार बाबा, भिंड, पहलवान बघेल, अटेर, केशव व्यास, मेहगांव।

SALE
UP to 50% OFF
FRESH STOCK FLAT 25% OFF
2nd Channel
Lalganga Shopping Mall
G.E. Road, Raipur
Ph.: 2228887, 4032565

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-2419193
कार्डियोलॉजी एवं कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विभाग
उपलब्ध सुविधाएं
☛ अत्याधुनिक विश्वस्तरीय कैथ लेब एवं सी.टी.ओ.टी
☛ ओपन हार्ट सर्जरी
☛ एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी
☛ वाल्व रिप्लेसमेंट
☛ पेसमेकर इम्प्लान्टेशन
• डॉ. शैलेष शर्मा - एम.डी., डी.एम.
• डॉ. देवेन्द्र सिंह - एम.एस., एम.सी.एच.
• डॉ. उमेश अग्रवाल - एम.डी., डी.एम.
• डॉ. मनीष शर्मा - एम.डी., डी.एन.बी.
• डॉ. अंशुमन दरबारी - एम.एस., एम.सी.एच.
TOLL FREE NO. 2413114

फल सब्जी विक्रेता न्यू गणपति क्लब प्रथम

श्री गणेश उत्सव पुरस्कार वितरण संपन्न

रीवा, 18 सितम्बर (महाकौशल)। हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार के कार्य वाकई उत्कृष्ट है । उनके पदाधिकारी वैद्य बटुक प्रसाद त्रिपाठी, नारायण डिगवानी, सुनील अग्रवाल, सुरेश विश्नोई के कार्यों की जितनी भी सराहना की जाय कम है । यह उद्‌गार शांति मण्डप में आयोजित श्रीगणेश उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि संजय गांधी अस्पताल के संयुक्त संचालक डॉ. सी.बी. शुक्ला जी ने बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये । बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ. के.के. परौहा एवं शांतिधाम की संचालिका बहन निर्मला ने श्रीगणेश उत्सव के बारे में अपने सारगीर्भत विचार रखे । स्वागत उद्‌बोधम आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी एवं कार्यक्रम की शुरूआत संस्थापक बैद्य बटुक प्रसाद त्रिपाठी के आशीर वचनों से हुई । संचालन अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं महासचिव सुरेश विश्नोई ने किया । श्रीगणेश-उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह में विर्सजन शोभा-यात्रा में शामिल चौकियों एवं झांकियों में संजीव झांकी में प्रथम-गणपति उत्सव समिति सराफा बाजार , द्वितीय-न्यू दुर्गा बाल मण्डल उपरहटी ,तृतीय गणेश उत्सव युवा समिति नगरिया,तथा विशेष पुरस्कार पंचवटी नर्सरी बाग एवं व्हाइट टाइगर क्लब पाण्डेन टोला रीवा को प्रदान किया गया । श्रीगणेश प्रतिमा,वरिष्ठ, में प्रथम न्यू गणपति क्लब गल्लामण्डी, द्वितीय नवयुवक शिव भक्त संगठन कटरा, तृतीय युवा समिति गुढ चौराहा, तथा विशेष पुरस्कार चित्रगुप्त शांती क्लब तरहटी, रीवा को प्रदान किया गया । श्री गणेश प्रतिमा ,कनिष्ठ, में प्रथम-फल सब्जी विक्रेता संघ द्वितीय सिद्धि विनायक क्लब चौपडा स्कूल तृतीय हिन्दू गजना मंच फोर्ट रोड तथा विशेष पुरस्कार श्रद्धा भक्ति संगठन अस्पताल चौराहा को प्राप्त हुआ । इस अवसर पर आयोजित एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम-काजल, द्वितीय-अंकिता द्विवेदी ,तृतीय मोनिका यादव तथा विशेष पुरस्कार ऋचा पाण्डेय को प्रदान किया गया । इसी तरह समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम-सन्यासी क्लब नगरिया, द्वितीय एवं तृतीय परस्कार प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी , एवं विशेष पुरस्कार फल-सब्जी विक्रेता संघ के कलाकारो को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में समिति के महासचिव सुरेश विश्नोई ने आंमत्रित अतिथियों एवं उपस्थित विभिन्न श्रीगणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारियों का धन्यावाद ज्ञापित किया तथा विर्सजन शोभा यात्रा एवं श्रीगणेशोत्सव के दौरान नगर में उत्तम सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर आशीष शामर्प,सचिव, दिनेश सेन एड. अभिताभ केसरवानी ,रामकृष्ण अग्रवाल, दिलीप ठारवानी, अमित ठारवानी, लखपति कछवाहा, दशरथ कछवाहा, सहित विभिन्न श्री गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारीगण,पत्रकार बन्धु एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे ।

विश्व रिकॉर्ड

विकेट का बादशाह मुरली

टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम मैचों में ज्यादा विकेट चटकाने का विश्व रिकॉर्ड श्रीलंका के फिरकी गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन के नाम है। मुरली ने 123 मैचों में कुल 756 खिलाड़ियों का शिकार किया है।

टोक्यो। सर्बिया की गोल्डन गर्ल एना इवानोविच की असफलता थमने का नाम नहीं ले रही है। उनको पैन पैसेफिक टूर्नामेंट के दूसरे दौर में रूस की नादिया पेत्रोवा के हाथों 1-6, 6-1, 2-6 से हार का सामना करना पड़ा।

डेविस कप में आज सोमदेव पर निगाहें



लिएंडर पेस व महेश भूपति की जोड़ी उतरेगी युगल में

बुखारेस्ट (रोमानिया), 18 सितम्बर (एजेंसी)। शानदार फॉर्म में चल रहे किशोर खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन शुक्रवार से रोमानिया की मजबूत टीम के खिलाफ होने वाले डेविस कप टेनिस विश्व ग्रुप प्ले ऑफ में भारत के ट्रंप कार्ड होंगे। भारत दस साल बाद विश्व ग्रुप में जगह बनाने की कवायद में है लेकिन चार सदस्यीय भारतीय टीम के लिए लाल बजरी पर यह आसान नहीं होगा। अनुभवी लिएंडर पेस और महेश भूपति युगल में फिर से अहम भूमिका निभाएंगे जबकि पिछले तीन महीने से शानदार फार्म में चल रहे सोमदेव के साथ प्रकाश अमृतराज एकल में खेलेंगे। अमृतराज अभी अपनी फार्म से जूझ रहे है और वह टीम की कमजोर कड़ी हो सकते है। ऐसे में सोमदेव को दोनों एकल में जीत दर्ज करनी होगी जबकि पेस और भूपति को युगल में अपना पुराना करिश्मा दोहराना होगा। भारत ने एशिया ओसियाना ग्रुप सेमीफाइनल में जापान को हराकर विश्व ग्रुप प्ले ऑफ में खेलने का हक पाया जबकि रोमानिया विश्व ग्रुप के पहले दौर में फ्रांस से हार गया था और इस वजह से उसे प्ले ऑफ खेलना पड़ा। भारत इससे पहले 1998 में विश्व ग्रुप में खेला था। तब वह इटली से उसकी सरजमीं पर 1-4 से हार गया था। पेस के इस्तीफा देने के बाद एसपी मिश्रा को गैर-खिलाड़ी कप्तान बनाया गया है। टीम में भी एक बदलाव किया गया है जिसके अंतर्गत रोहन बोपन्ना की जगह सोमदेव को लिया गया है। भूपति, अमृतराज और बोपन्ना ने जापान के खिलाफ मुकाबले से पहले पेस की कप्तानी पर सवाल उठाए थे लेकिन इस स्टार खिलाड़ी ने बीजिंग ओलंपिक के बाद अपने पद से त्यागपत्र दिया। भारतीयों का ग्रॉस कोर्ट पर दबदबा रहा है।

कौशिक की नियुक्ति पर भड़का आईडब्ल्यूएचएफ

नई दिल्ली, 18 सितम्बर (एजेंसी)। ओलंपियन एमके कौशिक को राष्ट्रीय पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त करने से एक और विवाद खड़ा हो गया है और भारतीय महिला हाकी महासंघ (आईडब्ल्यूएचएफ) ने इस कदम को गैर-कानूनी करार देते हुए इस मुद्दे को शनिवार को आम सभा की वार्षिक बैठक में उठाने का फैसला किया। आईडब्ल्यूएचएफ अध्यक्ष विद्या स्टोक्स ने कहा कि तदर्थ समिति का कदम गैर-कानूनी है। तदर्थ समिति को हमारी स्वीकृति के बिना फैसला लेने का कोई अधिकार नहीं है। मुझे भरोसा है कि हम बिना किसी टकराव के इस मुद्दे को सुलझा लेंगे। यह हमारे बीच आंतरिक मामला है। आईडब्ल्यूएचएफ सचिव अमृत बोस ने महिला टीम के कोच कौशिक को पुरुष टीम का कोच बनाने के तदर्थ समिति के फैसले पर हैरानी जताई। बोस ने कहा कि यह सुनकर मैं हैरान थी। यह मेरे लिए खबर थी क्योंकि न तो तदर्थ समिति ने हमारे साथ विचार-विमर्श किया और न ही कौशिक ने हमें इस बारे में कुछ बताया कि वह टीम छोड़ना चाहते है।

अभिनव बिंद्रा एहसान फरामोश: दिग्विजय

> अभिनव बिंद्रा ने इतिहास तो रचा, लेकिन उनका स्वर्ण पदक भी विवादो से अछूता नहीं रह गया है

नई दिल्ली, 18 सितम्बर (एजेंसी)। बीजिंग ओलंपिक में निशानेबाजी का स्वर्ण पदक जीतकर अभिनव बिंद्रा ने इतिहास तो रचा लेकिन, अभिनव का स्वर्ण पदक भी विवादों से अछूता नहीं रह गया है। भारतीय शूटिंग फेडरेशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने तो यहां तक कह दिया है कि अभिनव एहसान फरामोश हैं। जबकि, भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सुरेश कलमाड़ी ने कहा है कि अभिनव ने स्वर्ण पदक अपने पैसे बल पर नहीं जीता है। इन दो हस्तियों के बयान अभिनव के पिता ए.एस. बिंद्रा के उस बयान के बाद आए है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अभिनव के गोल्ड जीतने में सरकार, ओलंपिक संघ और शूटिंग फेडरेशन का कोई योगदान नहीं है। गौरतलब है कि अभिनव बिंद्रा के स्वर्ण पदक जीतने के बाद से ही उनके पिता का आरोप रहा है कि मैने अपने बेटे को मेडल जीतने लायक माहौल दिया। सरकार या भारतीय ओलंपिक संघ ने कभी कोई योगदान नहीं दिया है। हाल में ए.एस. बिंद्रा ने यहां तक कह डाला कि शूटिंग फेडरेशन या भारतीय ओलंपिक संघ को गोल्ड मेडल के बारे में वाहवाही लूटने का हक नहीं है।

40 टेनिस खिलाड़ियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

नई दिल्ली। लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा सहित 40 टेनिस खिलाड़ियों को खेल मंत्रालय ने वर्ष 2010 में यहां होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण देने के लिए चुना है। इन खिलाड़ियों को राष्ट्रमंडल खेलों की विभिन्न स्पर्धाओं में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। खेल मंत्रालय ने अखिल भारतीय टेनिस संघ की सलाह पर एक विदेशी कोच सहित सात प्रशिक्षकों को भी अत्याधुनिक प्रशिक्षण के लिए चुना है। एआईटीए से यथाशीघ्र सपोर्टिंग स्टाफ की सूची सौंपने और खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए साई के सहयोग से वार्षिक कैलेंडर तैयार करने को कहा है।

निसार ट्रॉफी पर पाक का कब्जा

नई दिल्ली, 18 सितम्बर (एजेंसी)। पाकिस्तान की राष्ट्रीय चैंपियन सुई नार्दन गैस पाइपलाइन लिमिटेड (एसएनजीपीएल) ने रणजी चैंपियन दिल्ली के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर गुरुवार को मोहम्मद निसार ट्रॉफी जीत ली। पाकिस्तान को पहली बार

यह ट्रॉफी जीतने का श्रेय हासिल हुआ है। पिछले दो संस्करणों में भारतीय टीमें इसमें विजेता रहीं। बुधवार शाम और रात की तेज वर्षा के कारण मैच के चौथे एवं अंतिम दिन गुरुवार को खेल संभव नहीं हो पाया और मैच ड्रॉ हो गया।

पाकिस्तानी टीम को उसकी पहली पारी की 132 रन की बढ़त के आधार पर विजेता घोषित किया गया। दिल्ली ने हालांकि अपनी दूसरी पारी में तीसरे दिन चार विकेट पर 516 रन बनाकर 384 रन की बढ़त बना ली थी लेकिन पहली पारी के निराशाजनक प्रदर्शन का खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। दिल्ली की टीम पहली पारी में सिर्फ 134 रन पर आउट हो गई थी जबकि एसएनजीपीएल ने पहली पारी में 266 रन बनाकर 132 रन की बढ़त हासिल की थी।

बुधवार रात और आज सुबह बारिश के कारण आउटफील्ड गीली रह गई। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के ग्राउंड स्टाफ ने मैदान सुखाने की भरपूर कोशिश की लेकिन सुबह की बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अंपायरों ने मैदान का तीन बार निरीक्षण करने के बाद अंतत: अपराह्न डेढ़ बजे मैच रद्द करने का फैसला किया।

दिल्ली के पास निसार ट्रॉफी जीतने के लिए एकमात्र सूरत यही थी कि मैच के अंतिम दिन खेल हो और वह पाकिस्तानी टीम को आल आउट कर सीधी जीत हासिल कर सकें।

अमरीका का पाक सीमा में फिर हमला

इस्लामाबाद, 18 सितम्बर (एजेंसी)। अमरीकी सेना के संयुक्त कमान प्रमुख एडमिरल माइक मुलेन की ओर से पाकिस्तान की संप्रभुता के सम्मान के आश्वासन के महज कुछ ही घंटों बाद ही अमरीकी वायुसेना के ड्रोन विमानों ने पाकिस्तान के दक्षिणी वजीरिस्तान क्षेत्र में मिसाइल हमले किए। मीडिया और स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक यह हमला अफ़गानिस्तान की सीमा से सटे अंगूर अड्डा में बगहार गांव पर तालिबान लड़ाकों को निशाना बनाते हुए बुधवार की देर शाम किया गया। हमले में कुछ लड़ाकों समेत सात लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की खबर है। इधर,अमरीकी नौसेना प्रमुख माइकल मुलेन ने पाकिस्तानी नेतृत्व को भरोसा दिलाया कि अब उसकी सीमा में और हमले नहीं किए जाएंगे। मुलेन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री यूसुफ रजा गिलानी और अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात के बाद यह भरोसा दिलाया। उन्होंने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल अशफाक परवेज कयानी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार महमूद अली दुर्रानी के साथ अलग से बैठक की। प्रधानमंत्री गिलानी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान अमरीका का प्रमुख सहयोगी देश है, लेकिन वे अपनी सीमा की सुरक्षा की अनदेखी नहीं कर सकते। पाकिस्तान में अमरीकी दूतावास के प्रवक्ता लू फिंटर ने कहा कि अमरीका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान के साथ काम करने को प्रतिबद्ध हैं।

सुडोकु - 1

7	1						3	
	4						6	5
			4	7	3			
		3		5		1		
		1	2		7	4		
		8		6		9		
			6	9	8			
8	2						1	
	6						7	8

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

पाक की मर्जी से हुआ हमला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे कबायली क्षेत्र में अमरीकी लड़ाकू विमान से किया गया मिसाइल हमला पाकिस्तानी खुफिया मदद से किया गया था। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस मिसाइल हमले में अमरीका और पाकिस्तानी खुफिया तंत्र का साझा सहयोग शामिल था।

मल्लिका शेरावत को नोटिस



मुंबई, 18 सितम्बर (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत को मुंबई की सेशन कोर्ट ने आज नोटिस जारी कर 7 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। मल्लिका को ये नोटिस जेडब्ल्यू मेरियट होटल में डांस के मामले में जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि 31 दिसंबर, 2006 को होटल मेरियट में आयोजित नववर्ष की पार्टी में मल्लिका द्वारा किए गए डांस को आपत्तीजनक बताया गया था। लंबे समय से मल्लिका पर यह मामला चल रहा है।

सेना और लिट्टे के बीच संघर्ष, 71 मरे

कोलंबो। श्रीलंका के उत्तरी क्षेत्र में पिछले चौबीस घंटे के दौरान सेना और तमिल उग्रवादियों (लिट्टे) के बीच भीषण संघर्ष में दस सैनिकों और 40 विद्रोहियों समेत 71 लोग मारे गए। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक बुधवार को कोलंबो से 300 किलोमीटर दूर पश्चिमोत्तर में नचिकुडा बदंरगाह में 40 लिट्टे विद्रोही और 10 सैनिक मारे गए। पिछले एक सप्ताह से वायुसेना के जेट विमान कोलंबो में लिट्टे के ठिकानों पर ताबड़तोड़ बमबारी कर रहे हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि बुधवार को कोलंबो में पूरे दिन दोनों पक्षों के बीच भीषण संघर्ष होता रहा और इस दौरान सेना ने नचिकुडा में लिट्टे के अग्रिम रक्षा क्षेत्र के डेढ़ किलोमीटर इलाके को अपने कब्जे में ले लिया।